शुक्रवार

28 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





छठ महापर्व को ले आयातित फलों से पटा गोदाम, कई राज्यों से मंगवाएं गए है फल 3



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## छोटी खबरें

### किडनी की बीमारी से जूझ रहे लालू यादव इस बार भी नहीं मनाएंगे छठ

**दिल्ली।** किडनी की बीमारी से जूझ रहे आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव इस बार भी छठ पर्व नहीं मनाएंगे। जानकारी के अनुसार वह इस बार छठ महापर्व पर बिहार नहीं आ रहे हैं। वे दिल्ली में अपनी बेटी मीसा भारती के आवास पर ही रहकर आराम करेंगे। ऐसे में पटना स्थित राबड़ी आवास पर इस बार भी छठ महापर्व मनने की संभावना नहीं है। लालू यादव दिवाली पर सिंगापुर से इलाज कराकर दिल्ली लौटे थे। सिंगापुर के डॉक्टरों ने कुछ मेडिकल टेस्ट कराने के लिए कहा है, जो दिल्ली में रहकर ही कराए जाएंगे। आरजेडी से राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने गुरुवार को कहा कि लालू यादव का निकट भविष्य में पटना आने का कोई कार्यक्रम नहीं है। वे दिल्ली में ही रहकर आराम करेंगे और डॉक्टरों के निर्देश फॉलो करेंगे। लालू यादव के पटना नहीं आने पर राबड़ी आवास में इस बार भी छठ पर्व नहीं मनाए जाने की संभावना है। छठ पर्व पर अक्सर लालू का पूरा परिवार पटना में जुटता है। मगर बीते कुछ सालों से लालू की पत्नी राबड़ी देवी ने छठ पूजा नहीं की। पिछले साल भी लालू की तबीयत खराब होने की वजह से छठ नहीं मनाई गई। इससे पहले लालू के जेल में रहने, विधानसभा चुनाव में आरजेडी को हार मिलने और अन्य वजहों से महापर्व नहीं मनाया गया।

### डेहरी में पूर्व सरपंच ने दोस्त को मारी गोली, बदले में लोगों ने हत्यारे को मार डाला

**डेहरी।** रोहतास जिले में एक पूर्व सरपंच ने मामूली विवाद में अपने एक साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के प्रतिशोध में भीड़ ने पूर्व सरपंच को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना डेहरी के मुफस्सिल थाना इलाके के जमुहार की है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन जुट गई है। इस वारदात से डेहरी और सासाराम इलाके में सनसनी फैल गई है। जिसे देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। जानकारी मिल रही है कि डेहरी के धनकारा पंचायत के पूर्व सरपंच अनिल यादव और उसके परिचित साथी झलेरा सिंह के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। दोनों के बीच लेनदेन को लेकर विवाद था। बात इतनी बढ़ गई कि अनिल यादव ने गोली चला दी। गोली लगने से झलेरा सिंह की मौके पर मौत हो गई। यह देख कर उसके समर्थक उग्र हो गए और शोर मचाने लगे। देखते-देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। भीड़ में शामिल लोगों ने अनिल यादव को घेर लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। लोगों ने उसे इतना पीटा कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। वारदात को लेकर इलाके में तनाव है।

# पीओके में लोगों पर अत्याचार कर रहा पाकिस्तान, भुगतने होंगे इसके परिणाम : राजनाथ

**एजेंसी/दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को शौर्य दिवस पर पाकिस्तान को बड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में उसने (पाकिस्तान) जो किया है, उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर में लोगों पर 'अत्याचार' कर रहा है और उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे।

हमने कश्मीर का विकास कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम गिलगित-बाल्टिस्तान नहीं पहुंच जाते। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इलाके में समग्र विकास के कार्य शुरू हो गए हैं और गिलगित और बाल्टिस्तान पहुंचने पर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने पाकिस्तान पर मानवाधिकारों के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहाने का आरोप लगाया और कहा- 'पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का दर्द हमें ही नहीं, बल्कि उन्हें भी परेशान करता है। आतंकवाद के 'तांडव' को जम्मू-कश्मीर ने कश्मीरियत के नाम पर देखा है, जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। आतंकवादियों का एकमात्र उद्देश्य भारत को निशाना बनाना है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में जब आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तो कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों ने मानवाधिकारों के उल्लंघन का रोना रोया। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले ने जम्मू-कश्मीर में लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त कर दिया है।

### 75वीं वर्षगांठ पर शौर्य दिवस मनाया गया

बता दें कि सेना ने 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रीनगर (बडगाम हवाई क्षेत्र) के पुराने हवाई क्षेत्र में 'शौर्य दिवस' का आयोजन किया। 1947 में श्रीनगर के पुराने हवाई क्षेत्र में सिख रेजिमेंट ने जम्मू और कश्मीर को पाकिस्तानी सेना से बचाने के लिए बड़े सैन्य अभियान को अंजाम दिया था। ये स्वतंत्र भारत का पहला ऐसा सैन्य अभियान था, जिसने 1947-48 के युद्ध की दिशा बदल दी. मिशन के लिए भेजे गए भारतीय सेना के सैनिकों का विमान 27 अक्टूबर, 1947 को श्रीनगर में लैंड किया था और पाकिस्तानी सेना को खदेड़ भगाया था। इसीलिए हर साल 27 अक्टूबर को भारतीय सेना 'इन्फेंट्री डे' के रूप में मनाती है। इस साल थल सेना और वायुसेना ने इस खास दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाया, क्योंकि गुरुवार को भारतीय वायुसेना के कश्मीर एयर बेस का स्वर्ण जयंती समारोह भी है।

# नीतीश कुमार राजद प्रत्याशियों के पक्ष में नहीं करेंगे प्रचार

**सियासत: तय कार्यक्रम के बाद ऐन वक्त पर रद्द किया प्रचार, गोपालगंज और मोकामा विधानसभा में हो रहा उपचुनाव, तीन नवंबर को वोटिंग**

- मोकामा में बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी और बाहुबली ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी के बीच मुकाबला
- गोपालगंज में भाजपा की ओर से दिवंगत प्रधान सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी मैदान में, वहीं राजद के मोहन गुप्ता के बीच है टक्कर

**केटी न्यूज पटना**

बिहार के गोपालगंज और मोकामा विधानसभा में होनेवाले उपचुनाव के लिए तीन नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों सीटों पर महागठबंधन की ओर से राजद के उम्मीदवार मैदान में हैं। मोकामा से बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी और भाजपा से बाहुबली ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी के बीच मुकाबला है। वहीं गोपालगंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने दिवंगत प्रधान सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी को मैदान में उतारा है। वहीं, राजद के मोहन गुप्ता उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। उन्हें राज्य में सत्ताधारी महागठबंधन के सातों दलों का समर्थन प्राप्त है। वहीं, बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) ने इंदिरा यादव को गोपालगंज विधानसभा सीट पर उम्मीदवार बनाया है। इंदिरा यादव राबड़ी देवी के भाई व गोपालगंज के पूर्व सांसद साधु यादव की पत्नी हैं। वह इस विधानसभा सीट से दूसरी बार चुनाव लड़ रही हैं, इससे पहले 2005 में निर्दलीय चुनाव लड़ चुकी हैं।



### पेट में लगी चोट का हवाला देकर नीतीश ने प्रचार से बनाई दूरी

दोनों उपचुनाव में महागठबंधन की ओर से राजद का प्रत्याशी होने के कारण जदयू पूरे दमखम से इनके लिए प्रचार कर रही है। दोनों क्षेत्रों में हुई रैलियों में जदयू के बड़े नेता राजद नेताओं के साथ मिलकर उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। इन सबके बीच अब एक नई खबर यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों उपचुनाव में प्रचार से दूरी बना ली है। जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर को सीएम नीतीश को मोकामा जाना था, वहां उनको जनसभा के साथ रोड शो भी करना था। लेकिन ऐन मौके पर इस चुनाव प्रचार को रद्द कर दिया गया। मिली सूचना के मुताबिक अब नीतीश कुमार न गोपालगंज जाएंगे और न मोकामा जाएंगे। पहले चर्चा यह थी कि नीतीश कुमार आज यानी गुरुवार को तेजस्वी यादव के साथ मोकामा में जनसभा को संबोधित करेंगे लेकिन यह कार्यक्रम फाइनल नहीं हो पाया। नीतीश कुमार ने प्रचार अभियान से दूरी बनाने का कारण अपनी पेट में लगी घाव को दिया है। स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उन्होंने खुद को प्रचार से अलग करने की बात कही है। हालांकि नीतीश कुमार भले ही स्वास्थ्य का हवाला दे रहे हैं लेकिन इसके पीछे की वजह यह भी हो सकती है कि वह अनंत सिंह या उनसे जुड़े लोगों से दूरी बनाना चाहते हैं। वहीं मोहन गुप्ता शराब व्यवसाई रहे हैं। हालांकि पहले जब यह बात सामने आई थी कि नीतीश कुमार मोकामा और गोपालगंज में प्रचार करने जाएंगे तो भाजपा ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी ने कहा कि शराबबंदी और अपराध पर जीरो टोलरेंस की बात करने वाले गोपालगंज में शराब माफिया और मोकामा में आतंक के पर्याय अनंत सिंह की पत्नी के लिए वोट मांग रहे हैं। चर्चा है कि नीतीश कुमार ने अपनी छवि साफ रखने के लिए आरजेडी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार नहीं करने का फैसला लिया है। इसलिए ऐन वक्त पर अपनी रैली का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

### नीतीश कुमार का कोई भरोसा नहीं, उनके वादे भी खोखले हैं : ओपी राजभर

पटना में आयोजित सुभासपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा है। कहा कि नीतीश कुमार का कोई भरोसा नहीं है और उनके वादे भी खोखले हैं ऐसे में बिहार की जनता को आगामी चुनावों में उनसे सावधान रहना चाहिए। सावधान रैली के जरिए जनता को समझा रहे हैं कि देश के नेताओं से लोग सावधान रहें और अपनी लड़ाई लड़ें। उन्होंने कहा कि कल तक लोग अंग्रेजों के गुलाम थे आज नेताओं के गुलाम हैं। नीतीश कुमार पीएम बनने का सपना देखने लगे हैं लेकिन जो वादा पहले कर चुके हैं वो पूरा करें। उन्होंने कहा कि ये जो वादा करने वाले लोग हैं ये निभाएंगे कब ? नीतीश कुमार जातिगत जनगणना का कोई टाइम तो बता दें।

# प्रयागराज में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**एजेंसी/प्रयागराज**

प्रयागराज के हंडिया टोल प्लाजा के पास गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। ये लोग शिवगढ़ सोरावं से विंध्या चल दर्शन के लिए जा रहे थे। मरने वालों में चार महिलाएं और एक बच्चीइ शामिल है। सीएम योगी ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों से कहा है कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों के समुचित इलाज का इंतजाम करें। जानकारी के अनुसार शिवगढ़ सोरांव के रहने वाले उमेश अपने परिवार के साथ किराए की टवेरा कार से विंध्या चल दर्शन के लिए जा रहे थे। गुरुवार सुबह 6:40 बजे कार जैसे ही हंडिया टोल प्लाजा के पास पहुंची अचानक बेकाबू हो गई। ड्राइवर कार को सम्भा ल नहीं पाया और कार बिजली के खंभे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर के बाद कार पलट गई। एक्सीoडेंट के बाद मौके पर मची चीख-पुकार सुन आसपास मौजूद लोग भागे-भागे वहां पहुंचे। तब तक कार में सवार रहे पांच लोगों की मौत हो चुकी थी। उनके शवों को बाहर निकाला गया। मरने वालों में चार महिलाएं और एक बच्चीए शामिल है। पुलिस ने शवों को पोस्टपमार्टम के लिए भेजा। हादसे में रेखा देवी पत्नी संजय अग्रहरी 45 वर्ष, कृष्णा देवी पत्नी श्यामलाल 70 वर्ष, रेखा पत्नी रमेश 32 वर्ष, कविता पत्नी दिनेश 36 वर्ष और एक साल की ओजस की मौत हो गई। जबकि उमेश, प्रिया, गोटू, ऋषभ और ड्राइवर इरशाद गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद मची चीख पुकार पर ग्रामीणों ने पहुंच शवों को बाहर निकाला।

### ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा?

अनुमान लगाया जा रहा है गाड़ी चलाते-चलाते ड्राइवर को झपकी आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस ने कार को हाईवे से हटवाया। टक्कगर की वजह से कार के परखच्चेद उड़ गए। मृतकों के शवों और घायलों को बाहर निकालने के लिए कार को काटना पड़ा। घटना में एक ही परिवार के छह लोगों के मारे जाने से पूरे इलाके में मातम पसरा है।

## सपा विधायक आजम खान को भड़काऊ भाषण मामले में तीन साल की सजा

**एजेंसी।** सपा विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान को गुरुवार को बड़ा झटका लगा। हेट स्पीच (भड़काऊ भाषण) के मामले में उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई है। उन पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। अदालत ने सजा देने के साथ ही आजम को जमानत भी दे दी है। सजा के बाद आजम खान की विधायकी पर भी तलवार लटक गई है। आजम खान को सजा केवल उनके लिए नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है। आजम खान सपा में अखिलेश यादव के बाद सबसे कद्दावर नेता माने जाते हैं।

## दूसरे प्रदेशों से छठ पर्व मनाने बिहार आनेवाले लोगों की होगी कोरोना जांच

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के लोगों को डेंगू का डंक पहले से ही डरा रहा है, वहीं अब कोरोना वायरस ओमिक्रान के नए वैरियंट ने चिंता बढ़ा दी है। दरअसल महापर्व छठ पर विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में बिहार अपने घर आ रहे हैं। ऐसे में डर है कि कहीं इनके साथ कोरोना का नया वेरिएंट भी न आ जाए। इसे रोकने के लिए सरकार ने एयरपोर्ट के बाद अब पटना जंक्शन पर भी यात्रियों की कोरोना जांच करने का निर्णय लिया है। इसके लिए तीन शिफ्ट में 24 घंटे टीम तैनात की गई है। इसके अलावा सभी अस्पतालों में कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने को कहा गया है। चिकित्सा प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि अन्य राज्यों से लौटने वालों को बुखार, सर्दी-जुकाम या गले में खराश हो तो उनकी आवश्यक रूप से कोरोना जांच कराई जाए। आशा कार्यकर्ताओं से बाहर से आने वालों के स्वास्थ्य की निगरानी कराई जाए। वहीं, बुधवार को 1,321 एंटीजन रैपिड किट, 1,178 आरटीपीसीआर और तीन लोगों की ट्रूनैट विधि से कुल 2,502 लोगों की जांच की गई। इनमें से छह की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। पटना में छह कोरोना रोगी अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि 59 घर पर रहकर इलाज करा रहे हैं। इसके साथ ही राज्य में प्लेटलेट्स की किल्लत नहीं हो इसके लिए चिह्नित ब्लड बैंकों की निगरानी कराई जा रही है।

# बॉडी वार्न कैमरा और फुल बॉडी प्रोटेक्टर से लैस होंगे उप्र पुलिस के जवान

- गृह विभाग पुलिस को हाइटेक बनाने पर 650 करोड़ रुपये खर्च करेगा

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि बदलने की तैयारी है। इसके लिए पुलिस को हाईटेक बनाने पर जोर है। जिससे कि न केवल अपराध को रोकने में मदद मिले बल्कि जांच प्रक्रिया भी तेज और कहीं ज्यादा पारदर्शी बन सके। जल्द ही यूपी पुलिस के ज्यादा से ज्यादा जवान बाडी वार्न कैमरा और फुल बाडी प्रोटेक्टर से लैस होंगे। साथ ही पुलिस समय पर कार्रवाई कर सके, इसके लिए लॉ एंड आर्डर क्यूआरटी यानी क्विक रिस्पांस टीम भी बनाने की तैयारी है। पुलिस को नया कलेवर देने के लिए गृह विभाग की तरफ से 650 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च करने की योजना है।



जानकारी के अनुसार गृह विभाग ने पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत 1200 बॉडी वार्न कैमरा खरीदने के लिए 4.8 करोड़ और महिलाओं के लिए 1650 फुल बॉडी प्रोटेक्टर खरीदने के लिए 2.48 करोड़ रुपए की राशि की मंजूरी दे दी है। बॉडी वार्न कैमरे के जरिए, क्राइम सीन और जांच के दौरान मदद ली जाती है। यह आम तौर पुलिस अधिकारी द्वारा शरीर के धड़ पर पहना जाता है। जिसमें ऑडियो, वीडियो या फोटोग्राफिक रिकॉर्डिंग सिस्टम होता है। इसके जरिए पुलिस घटनाओं को रिकॉर्ड करने का काम करती है। इसी तरह, महिलाओं के लिए खरीदे जाने वाले फुल बॉडी प्रोटेक्टर का इस्तेमाल उनकी सुरक्षा के लिए किया जाएगा। जो कि किसी उपद्रव और दंगे की स्थिति में जवान को पूरी सुरक्षा प्रदान करेगा। इस समय उत्तर प्रदेश में करीब 2.5 लाख जवान और अधिकारी हैं। इसी तरह अपराधिक घटना स्थल और किसी हादसे पर तुरंत पहुंचने और उसके लिए तुरंत एक्शन लेने के लिए 10 जिलों में हाइटेक लॉ एंड आर्डर क्यूआरटी की स्थापना करने की तैयारी है। इसके अलावा 6.75 करोड़ की लागत से एसआईटी, ईओडब्ल्यू, सीबीसीआईडी और एसीओ के जांच और विवेचना के लिए एक डेडिकेटेड एफएसएल की स्थापना करने की योजना है। कन्नौज में डेडिकेटेट मिनी टेक्निकल लैब भी विकसित किया जा रहा है। साथ ही 10 जिलों में करीब 641 करोड़ रुपए खर्च कर एडवांस सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल की स्थापना भी की जाएगी।

**सभी जिलों में क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप:** क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप की मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरूआत हो चुकी है। एनसीआरबी की ओर से विकसित क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप को राज्य के अन्य जिलों में लागू करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है और तकनीकी सेवा मुख्यालय पर पूरी प्रक्रिया के लिए तकनीकी समिति गठित की गई है। कन्नौज, अलीगढ़, गोंडा और बरेली में फोरेंसिक लैब संचालित की जा चुकी है। अन्य 66 जिलों में अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना की गई है। जबकि बाकी जिलों में जल्द ही डेडीकेटेड अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना होगी। इसके अलावा राज्य के 18 परिक्षेत्रीय साइबर थानों के प्रशासनिक भवन निर्माण सम्बन्धी कार्यवाही की जा रही है। सात परिक्षेत्रीय साइबर थानों वाराणसी, झांसी, बस्ती, अलीगढ़ आजमगढ़, गोरखपुर और बांदा में इस दिशा में



# कंगारु मदर केयर की संजीवनी : मां के शरीर की गर्मी नवजात के लिए रक्षक



- कम वजनी व संक्रमण की आशंका वाले बच्चों के लिए जरूरी है केएमसी
- केएमसी से शिशु के शरीर का बढ़ता है तापमान, वो सामान्य महसूस करता है

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ते जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार छठ पूजा के बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान में तेजी से गिरावट होगी। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी अपनी तैयारी कर रहा है। ताकि, लोगों को जागरूक कर उन्हें ठंड से बचाव के लिए जागरूक कर सके। ऐसे में नवजात बच्चों को हाईपोथर्मिया व निमोनिया का खतरा रहता है। सबसे अधिक परेशानी प्री-मैच्योर शिशुओं को होती है। नवजात शिशुओं में तय समय से पहले जन्म और जन्म के समय वजन कम होना अक्सर देखा जाता है। यह शिशु सामान्य शिशु की तुलना में ज्यादा कोमल और कमजोर होते और उन्हें कई तरह की बीमारियां होने का भी खतरा बना रहता है। ऐसे शिशुओं को गहन देखभाल की जरूरत होती है। जिसे कंगारू मदर केयर (केएमसी) विधि से किया जा सकता है। केएमसी तकनीक खासतौर से कम वजन के बच्चों और ऐसे बच्चे जिन्हें संक्रमण की आशंका होती , उन्हें दी जाती है। प्री-मैच्योर डिलेवरी के दौरान जन्म लेने वाले कमजोर बच्चों को इससे स्वस्थ रखा जा सकता है।

**छह महीने तक कर सकते हैं केएमसी :** शिशु रोग विशेषज्ञ सह सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आरबी श्रीवास्तव ने बताया, मां और नवजात के बीच स्किन-टू-स्किन कॉन्टैक्ट होता है। इसे कंगारू मदर केयर कहते हैं। इसमें मां नवजात को अपने सीने से लगाकर रखती है। इस तरह के स्पर्श से मां और बच्चे के बीच का स्नेह बढ़ता है। एक दिन में मां या पिता या फिर दादा-दादी कम से कम 4 और ज्यादा से ज्यादा 12 घंटे तक नवजात को अपने सीने से लगाकर रख सकते हैं। इस दौरान बच्चों को सिर्फ डायपर के अलावा और कुछ नहीं पहनाया जाता है। केएमसी छह महीने तक कर सकते हैं। इसमें ढाई किलो से कम वजन और प्री-मैच्योर नवजात, जिनका वजन 1800 ग्राम से कम होता है। उसको रोजाना 8 घंटे (2-2 घंटे की सीटिंग) तक केएमसी चाहिए। प्री-मैच्योर नवजात की डिलीवरी के बाद उसका वजन 1800 ग्राम होता है। केएमसी देने से उसका वजन नॉर्मल बच्चे के बराबर यानी ढाई किलो का हो जाता है।

**गर्भ में ही मां की धड़कनों को पहचानने लगते हैं शिशु :** नवजात बच्चों को केएमसी की जरूरत होती है। जब नवजात जन्म लेता है उसके शरीर का तापमान 37 डिग्री होता है। जब नवजात जन्म लेने के दौरान बाहर आता है, तो उसके शरीर का तापमान अचानक कम हो जाता है। ये समय होता है जब उसके नाल काटने से पहले नवजात को मां के स्पर्श के लिए दिया जाता है।

## शहर छोटी खबरें

### मोबाइल के विवाद में युवक को मारा चाकू

**आरा।** गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव में गुरुवार की दोपहर मोबाइल के विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। उसकी पीठ में चाकू मारा गया है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक पोसवां गांव निवासी सुधीर सिंह का 25 वर्षीय पुत्र धनजी सिंह है। उसने बताया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा उसका मोबाइल मांगा गया था। कुछ देर बाद उसने अपना मोबाइल मांगा, तो उक्त व्यक्ति ने देने से मना कर दिया। उसको लेकर दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गयी। उसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा उसकी पीठ में चाकू मार दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### लड़की भगाने के आरोप में मां-बेटी समेत चार की पिटाई

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के श्रीटोला मोहल्ले में बुधवार रात लड़की भगाने के विवाद में मां-बेटी समेत चार लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे सभी जख्मी हो गये, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में श्रीटोला निवासी शत्रुधन पासवान की पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्री रितु कुमारी, बहु सविता देवी और भरत पासवान की पत्नी मीना देवी शामिल है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके पड़ोस की लड़की के साथ उनका लड़का भाग गया था। दोनों ने पटना में शादी भी कर ली गयी है और मोबाइल पर फोटो भेजा। उसके बाद लड़की के परिवार वालों ने उनपर अगवा करने का आरोप लगाया जा रहा था। उसको लेकर उन लोगों से विवाद चला आ रहा है।

### पैसे देने से मना किया तो बहन को मारा ब्लेड

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला में बुधवार की रात पैसे देने से मना करने पर युवक द्वारा अपनी बहन को ब्लेड से मार जख्मी कर दिया गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवती जवाहर टोला निवासी 20 वर्षीया तनु कुमारी है। उसने बताया कि उसका भाई नशा का सेवन करता है। उसके लिए अक्सर घर का सामान बेच देता था। पहले भी मोबाइल, सिलेंडर सहित अन्य सामान बेच चुका है। उसको लेकर उसे घर में घुसने पर रोक लगा दिया गया है। बुधवार की रात वह अपनी बहन के साथ दरवाजे बात कर रही थी। तभी वह पहुंचा और पैसे मांगने लगा। नहीं देने पर वह जबरन घर में घुसने लगा। मना करने पर उसने उसे उस पर ब्लेड से वार कर दिया। इससे वह जख्मी हो गयी।

### वांटेड कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** जिले के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के शिवपुर गंगा घाट से पुलिस ने कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्टल और चार गोलियां बरामद की गयी है। वह बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के गौरा गांव निवासी आकाश ठाकुर उर्फ झाल ठाकुर है।वह पुलिस पर फायरिंग करने सहित विभिन्न कांडों में वांटेड था। गुरुवार की सुबह उसको किसी आपराधिक घटना की साजिश करते दबोचा गया है। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह द्वारा गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है।

# जहर खाने से विवाहिता की मौत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

## पिता का आरोपः दामाद का था अवैध संबंध, विरोध करने पर जहर देकर मार डाला

- शव के पोस्टमार्टम के बाद छानबीन और आरोपितों की धर पकड़ में जुटी पुलिस



रोती बिलखती महिलाएं व मृतका की फाइल फोटो

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में बुधवार की रात जहर खाने से महिला की मौत हो गई। उसका शव घर के दरवाजे पर रखा हुआ पाया गया। मृत महिला डिहरा गांव निवासी हितेश यादव की 26 वर्षीया पत्नी जूली देवी थी। मायके वालों की ओर से पति के अवैध संबंधों का विरोध करने पर मारपीट और जहर खिला जूली की हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, जूली देवी के पिता नंदजी सिंह ने बताया कि उनका दामाद बदचलन था। उसका कई लड़कियों से अवैध संबंध था। कुछ समय पूर्व एक लड़की को भगा भी ले गया था। उस मामले में उसके खिलाफ आरा कोर्ट में केस भी चल रहा है। जूली उसका अक्सर विरोध करती रहती थी।? उसके कारण वह उसके साथ हमेशा मारपीट करता था। उसी विवाद में बुधवार को उसने और उसके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा जहर खिला जूली को मार डाला गया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस का मानना है कि जहर खाने से मौत होने की बात ही सामने आ रही है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला पूरी तरह स्पष्ट होगा। वहीं इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।

### बहला-फुसलाकर जूली को ले गये ससुराल

नंदजी सिंह के अनुसार जूली की शादी 2013 अजीमाबाद थाना क्षेत्र के हितेश यादव के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही उसे अपने पति के अवैध संबंधों की जानकारी मिल गयी। उसके बाद से ही पति और ससुराल वालों द्वारा उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पति के अलावे उसके परिवार के सभी सदस्यों द्वारा मारपीट की जाती थी। उस? कारण वह अधिक समय मायके में ही रहा करती थी। इसी बीच उनकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई। उसके कारण वह पटना में रहकर अपनी पत्नी का इलाज करा रहे थे।तभी जूली का पति उनके घर आया और बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ ससुराल लेकर चला गया। वहां फिर उसके साथ मारपीट की जाने लगी।

इस बीच बुधवार की रात फोन से सूचना मिली की जहर खाने से जूली की मौत हो गई है। जूली की मौत के बाद उसके मायके में कोहराम मचा है। उसे एक 6 वर्षीया पुत्री रिया भी है। वह अपने एक भाई और पांच बहनों में मांझिल थी। उसके परिवार में मां इंद्रपातो देवी, बहन सविता, गुड़िया, प्रियंका, अनुराधा और भाई किशन है।

# करंट की चपेट में आकर झुलसा युवा किसान, अस्पताल जाने के दौरान हुई मौत

- शौच करने जाने के दौरान टूट कर गिरे तार के चपेट में आने से गयी जान
- धोबहा ओपी क्षेत्र के बसंतपुर गांव की गुरुवार की सुबह की घटना



पूछताछ को पहुंची पुलिस व मृतक की फाइल फोटो

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के धोबहा ओपी क्षेत्र के बसंतपुर गांव में गुरुवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवा किसान की मौत हो गयी। इलाज के लिये आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत किसान बसंतपुर गांव निवासी स्व.बच्चा सिंह के 34 वर्षीय पुत्र सोनू सिंह थे। उनके दोस्त मनोरंजन कुमार के अनुसार वह गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे शौच के लिए बधार की ओर गये थे। रास्ते में पहले से बिजली का करंट प्रवाहित तार टूटकर गिरा था।

जानकारी नहीं होने के कारण वह उसी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गये और झुलस गये।? उसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी। उसके बाद उसे इलाज सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव? का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, हादसे के बाद किसान के घर में रोना-धोना मचा है। बताया जा रहा है कि किसान पांच भाइयों में मांझिल थे। उनके परिवार में मां तारा देवी, भाई जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह और अमित सिंह है।

## ठोकर मारने के बाद धमका रहे दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव के पास पुलिस द्वारा दो कट्टा के साथ बोलेरो सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें गोविंद कुमार और गुप्तेश्वर कुमार शामिल हैं। दोनों चरपोखरी थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के धंधौली गांव के रहने वाले हैं। पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम काउप गांव के पास बोलेरो ने छठ घाट बना रहे सरपंच के बेटे को ठोकर मार दी। उसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

तभी किसी द्वारा कट्टा दिखाकर धमकाने की सूचना पुलिस को दे दी। इस आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआई हरिप्रसाद शर्मा द्वारा पुलिस बल के साथ छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान बोलेरो से दो देशी कट्टा बरामद की गयी। उसके बाद बोलेरो भी जब्त कर ली गयी। पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा दोनों को जेल भेज दिया गया।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियों का गंगापुत्र स्वामीजी ने लिया जायजा



यज्ञ समिति के साथ बैठक करते गंगा पुत्र महाराज

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी में आगामी नवम्बर तक आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन परम पूज्य ध्यान योगी गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। जिसको लेकर यज्ञ की तैयारियां जोरों पर है। गुरुवार को तैयारियों का जायजा लेने गंगापुत्रजी महाराज यज्ञ स्थल का निरीक्षण करने पहुँचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने यज्ञ समिति के सदस्यों को कई दिशा निर्देश भी दिए। स्वामीजी महाराज ने निमार्णाधीन यज्ञ मंडप तथा रामलीला व रासलीला मंच समेत श्रद्धालुओं के बैठाने तक की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने साधु संतो के लिए निर्मित कुटिया को लेकर भी आवश्यक जानकारियां यज्ञ आयोजन समिति को दी। इधर इस महायज्ञ के आयोजन से सिमरी में उत्साह का माहौल है। ग्रामीण इसे सफल बनाने के लिए जी जान से लगे है। सार्वजनिक रूप से चंदा भी इकट्ठा किया जा रहा है। इसके अलावे सैकड़ो युवा स्वेच्छा से श्रमदान तथा अन्य जरूरी कामों को निपटा रहे है। महायज्ञ आयोजन समिति के अग्रणी डा हिमांशु पांडेय ने इन जानकारियों को देते हुए बताया कि महायज्ञ काफी भव्य होगा तथा इसमें श्री श्री 1008 श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामीजी महाराज के सानिध्य में देश के कई ख्यातलब्ध संत भी आ रहे है।

# नारायणपुर लूटकांड : फाइनेंस कंपनी के स्टाफ से लूट कांड का मास्टर माइंड गिरफ्तार

- चौरी के अंधारी में सीएसपी संचालक से लूट का लाइनर चढ़ा पुलिस के हत्थे
- लूटा गया मुहर, आधार कार्ड, और डीएल बरामद
- गिरफ्तार अपराधी पूर्व में लूट के चार कांडों में भी जा चुका है जेल



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर मोड़ के पास फाइनेंस कंपनी के स्टाफ से लूटकांड का मास्टर माइंड पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी के पास गत दिनों सीएसपी संचालक से लूट में भी उसकी संलिप्तता रही है। लूट की उस घटना में उसने लाइनर का काम किया था। गिरफ्तार अपराधी चौरी थाना क्षेत्र के डिलिया गांव निवासी इंदल कुमार यादव है। उसे बुधवार की रात डिलिया गांव से उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पास से फाइनेंस कर्मी से लूटा गया कंपनी का मुहर, आधार कार्ड और डीएल सहित अन्य कागजात बरामद किया गया है। पूछताछ में उसने दोनों लूट कांडों में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है। बता दें कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर मोड़ के समीप करीब कुछ रोज पूर्व अरवल के रहने वाले माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से 42 हजार रुपये, मोबाइल और बाइक लूट लिया गया था। उसके बाद पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम बना छापेमारी की जा रही थी। उस मामले में पुलिस द्वारा गत 19 अक्टूबर को लाइनर सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हालांकि मास्टरमाइंड सहित तीन फरार चल रहे थे। तीनों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही थी। उसी क्रम में बीच बुधवार की रात मोबाइल लोकेशन व तकनीकी जांच के आधार पर मास्टर माइंड इंदल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के क्रम में उसने अंधारी में सीएसपी संचालक से लूटकांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उस आधार पर पुलिस लूटकांड का खुलासा और अपराधियों की धरपकड़ में जुटी है। उसकी गिरफ्तारी में नारायणपुर थानाध्यक्ष नीता कुमारी और चौरी थानाध्यक्ष पवन कुमार की भूमिका सराहनीय रही है। एसडीपीओ राहुल सिंह के अनुसार गिरफ्तार इंदल कुमार यादव का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ कोईलवर चरपोखरी, नारायणपुर, चौरी और संदेश सहित अन्य थानों में केस दर्ज है। वह पूर्व में भी लूट के चार और संदेश के आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है।

## एक नजर

### चित्रांश समिति ने हर्षोल्लास से मनाया चित्रगुप्त पूजनोत्सव



त्रकारों को सम्मानित करते समिति के सदस्य

**आरा।** चित्रांश समिति की ओर से नवीन विद्यालय शीतल टोला आरा के तत्वावधान में चित्रगुप्त पूजनोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रत्येक साल की भांति इस साल भी चित्रगुप्त पूजा तारकेशवर शरण सिन्हा उर्फ टुनटुन जी, डॉ. रमेश कुमार सिन्हा उर्फ कर्ण जी ने किया। पूजा मे डॉ. कुमार निर्मल उर्फ सुधीर जी, सतेन्द्र स्नेही, यमुना प्रसाद, संतोष कुमार उर्फ गुड्डू जी,शंकर प्रसाद श्रीवास्तव,रविन्द्र भारती सहित काफी संख्या में चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित थे। वहीं, संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम, चयनित गरीब महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण, क्वीज प्रतियोगिता के साथ-साथ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. सतीश कुमार सिन्हा को चिकित्सक रत्न पुरस्कार से डॉ. पुष्पलता ने किया, डॉ महाबीर प्रसाद गुप्ता, डॉ जिवेश कुमार, डॉ अमन सिंह, समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेम पंकज ललन, इन्दु श्रीवास्तव, बिना देवी, जयोत प्रकाश जैन, प्रेम नाथ लाल, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अमरेन्द्र शक्रवार, डॉ. स्मिता जैन, प्रो. आरडी सिंह, कला के क्षेत्र में खुशी गुप्ता, मंजूर अली, पत्रकारिता के क्षेत्र में सूर्या न्यूज चैनल की नेहा गुप्ता, नव विहार टाइम्स के अनिल कुमार त्रिपाठी, दैनिक भास्कर के छायाकार समीर अखतर व नीरज कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। पूजा में मुख्य अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह विधायक, लालदास राय, चित्रांश समिति के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. केएन सिन्हा, डॉ. बाला श्रीवास्तव, डॉ. सागर आनंद, सतेन्द्र स्नेही, रविन्द्र भारती, डॉ कुमार निर्मल सुधीर जी, तारकेश्वर शरण सिन्हा टुनटुन जी, यमुना प्रसाद, डॉ. रमेश सिन्हा कर्ण जी, विमलेश श्रीवास्तव, संतोष सहाय, गजाधर प्रसाद दिनेश मुन्ना जी रमेश वर्मन, शंकर प्रसाद श्रीवास्तव, पर्यावरणप्रेमी आनंद कुमार उपस्थित थें। चित्रांश समिति के पदाधिकारियों ने समारोह के आयोजन पर होने वाली खर्च मे सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह से भविष्य में सबका सहयोग मिलता रहा तो इस आयोजन को और भी भव्य तरीके से मनाया जायेगा।

### हर्षोल्लास के साथ मना भैया दूज का त्योहार, बहनों ने मांगी भाइयों की सलामती की दुआ

**जहानाबाद।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को लेकर कई त्योहार मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक भैया दूज का त्योहार मनाते हुए बहनों ने भाइयों सलामती के लिए गोधन कुटा। उसके बाद बहनों द्वारा भाइयों की आरती उतार मिठाई तथा गोधन का प्रसाद खिलाई गई। भाइयों ने भी अपने बहनों को तोहफे दिए। मान्यता के अनुसार इस व्रत को रखने वाली बहनों के भाइयों की आयु लंबी होती है। साथ ही, भाइयों की सभी बालाएं दूर हो जाती है। महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर गोधन कूटने के साथ-साथ परंपरागत गीत गाते देखी गई। इस अनुष्ठान को गलियों तथा घरों के छात्रों पर पूरा किया गया। जिन बहनों के भाई बाहर रहते हैं, उनके लिए प्रसाद और मिठाईयां भेजने की व्यवस्था की गई थी। शहर से लेकर गांव तक इस त्योहार की धुम देखी गई। दीपावली के बाद और छठ के पहले मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर बहनें काफी पहले से ही तैयारी में जुट जाती है। आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी के साथ-साथ अनुष्ठान में आने वाले सभी सामग्रियों की व्यवस्था बहनों द्वारा की जाती है।

## आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएबाई) का किया जाएगा प्रचार

# छठ महापर्व के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने को किया जाएगा प्रचार-प्रसार

- बैनर, पोस्टर और माइकिंग के द्वारा चलाया जाएगा जन-जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य सरकार सूबे के एक-एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। यह तभी संभव होगा, जब राज्य के शत-प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनेगा। इस लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति लगातार प्रयासरत है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति ने फैसला लिया है कि पूरे राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएबाई) के प्रचार-प्रसार व आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए छठ महापर्व के दौरान विशेष अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान का शुभारंभ बीते 26 अक्टूबर से शुरू होकर अगले माह नौ नवंबर तक चलाया जाएगा।

**जन-जागरूकता के लिए किया जाएगा प्रचारः** ज्ञात हो कि पूरे राज्य में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य से संबंधित जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार की गतिविधियां निरंतर चलाई जानी है। इसका मुख्य मकसद है, आमजनों तक योजना एवं इसके लाभ की जानकारी सुगमता पूर्वक पहुंचे। ताकि जरूरतमंद व पात्र लाभार्थियों को ससमय योजना का लाभ मिल सके। दरअसल राज्य में छठ-महापर्व के दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रवासी परिवार त्योहार मनाने अपने-अपने घर आते हैं। इसीलिए योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बीते 26 अक्टूबर से लेकर अगले माह नौ नवंबर तक सभी जिलों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा।

**पोस्टर-बैनर व माइकिंग से कराया जाएगा प्रचार-प्रसारः** छठ-महापर्व के दौरान राज्य के सभी जिलों के सभी प्रखंडों और पंचायतों में माइकिंग के द्वारा योजना का प्रचार-प्रसार कराया जाना है। इसके अलावा सभी जिलों के प्रमुख छठ घाटों पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबंधित बैनर और पोस्टर के माध्यम से प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही सभी प्रखंडों में अधिक से अधिक संख्या में पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय। इसके अलावा राज्य के सभी सूचीवद्ध अस्पतालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की ब्रांडिंग के साथ-साथ स्टॉल (किशॉक) लगाकर प्रचार-प्रसार किया जाय। इस बाबत बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के उप सचिव सह प्रशासी पदाधिकारी अमिताभ सिंह ने पत्र जारी कर राज्य के सभी सिविल सर्जन को निर्देशित किया है। जिसमें कहा गया है कि माइकिंग

## जिले छोटी खबरें

### मुखिया ने नावानगर बाजार की कराई साफ-सफाई

**नावानगर।** छठ पर्व को लेकर नावानगर पंचायत की मुखिया हशबू निशा ने गुरुवार को सफाईकर्मियों से पूरे बाजार की साफ-सफाई कराई। साथ ही कूड़ा कचरा का उठाव कराकर गांव के बाहर गड्ढे में फेंकवाया। बाजार की साफ-सफाई कराने की पहल की ग्रामीणों ने सराहना की है। ग्रामीणों ने बताया कि बाजार की लंबे समय से साफ-सफाई नहीं कराये जाने से यहां कूड़ा करकट चारों ओर फैला हुआ था। मुखिया प्रतिनिधि इजाजुल हक ने बताया कि छठ पूजा को लेकर बाजार की साफ-सफाई कराया गया। जिससे की छठ पूजा में दुकान समाग्री को स्वच्छ एवं साफ सुधरा स्थान पर रखें। साथ ही, छठव्रतियों को पूजा समाग्री की खरीददारी में कूड़ा कचरा से होकर नहीं गुजरना पड़े। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दिन भी बाजार की पुनः साफ-सफाई कराई जाएगी।

### सोनवर्षा छठ पूजा समिति सदस्यों की बैठक संपन्न

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा महावीर मंदिर प्रांगण में छठ पूजा समिति सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें कई विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान सभी पूजा समिति के सदस्यों ने छठिया घाट हाईवे पर वन वे वाहन का परिचालन कराने की बात कही। इसके लिए समिति के सदस्यों ने स्थानीय पुलिस से मदद मांगने पर सहमति बनाई। सदस्यों ने कहा कि छठिया घाट के पास से फोरलेन का निर्माण हुआ है। फोरलेन में डिवाइडर है, ऐसे में अगर वन वे वाहन गुजरती है तो छठव्रतियों के साथ श्रद्धालु एवं बच्चों को वाहन से खतरा महसूस नहीं होगा। यूं कहा जाए कि छठ घाट की ओर से हाईवे पर वाहन नहीं गुजरे, तो सभी सुरक्षित रहेंगे।

### महापर्व को अवसर बना बच्चों से भीख मंगवा रहे कई गिरोह

**डुमरांव।** सूयोर्पासना के महापर्व छठ के रंग में शहर से गांव तक पूरी तरह रंग गया है। इस महापर्व के प्रति लोगों में गहरी आस्था रहती है। लेकिन इसका फायदा भी उठाने से कुछ गिरोह बाज नहीं आ रहे है। कुछ लोग बच्चों की आड़ में इस महापर्व के नाम पर खिलवाड़ करते है। बात हो रही है, ऐसे माता-पिता की जो अपने बच्चों के हाथ में सूप थमा छठ के नाम पर बच्चों से भीख मंगवाते ही है। कई तो खुद भी ऐसा करते है, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है। लेकिन आपको आश्चर्य होगा कि इनका पर्व से दूर-दूर तक न तो कोई वास्ता है।

# छठ महापर्व की विशेषता,पूरे ब्रह्मांड के प्रत्यक्ष देवता सूर्य देव की होती है आराधना



छठ करती व इनसेट में ज्योतिषाचार्य सह शिक्षक नरोतम द्विवेदी

- छठ महापर्व की विशेषता, ब्रह्मांड के प्रत्यक्ष देवता सूर्य की होती है आराधना
- कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होता है इसका प्रारंभ

**केटी न्यूज/बक्सर**

छठ पर्व में ज्योतिषीय महत्व वैज्ञानिक महत्व से भरा हुआ है। षष्ठी तिथि विशेष अवसर है। ज्योतिषाचार्य सह शिक्षक नरोतम द्विवेदी कहते है कि जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध से सूर्य की अल्ट्रावाइलट किरणें सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। क्योंकि सूर्य अपनी नीच राशि तुला के प्रभाव में होते हैं। ऐसे में उनकी आराधना और जल तर्पण, दूध तत्पर्ण से विकिरण का प्रभाव धरती पर कम आता है। इसे ही लोक परंपरा में परिवार, पुत्र से जोड़कर विधि-विधान का रुप दिया गया है। ऐसा भी कहा जाता है कि छठी अर्थात षष्ठी मैया सूर्य भगवान की बहन हैं। इन दोनों की पूजा की जाती है। सूर्य पुत्र प्राप्ति के देवता कहें जाते हैं। जिसकी वजह से उनका पूजन पुत्र प्राप्ति के लिए कहा जाता है। महाभारत की कथाओं से सूर्य से पुत्र प्राप्ति का प्रसंग मिलता है। छठ महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें ब्रह्मांड के प्रत्यक्ष देवता सूर्य की आराधना होती है।

### कहां कहां मनता है पर्व

बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीस गढ़, नेपाल के तराई क्षेत्र, मारिसस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत कुछ द्वीप समुहों में जहां भारतीय मूल के लोग रहते हैं।

### व्रत विधान - इसका प्रारंभ कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होता है

**पहले दिन** : नहाय-खाय के तहत घर की सफाई परिवेश एवं स्वयं को भी पवित्र करना होता है। घर के सभी सदस्य व्रती के भोजन के उपरांत ही अन्न ग्रहण करते हैं। भोजन शाकाहारी होना चाहिए, जिसमें चावल, चने की दाल, व लौकी की सब्जी को प्राथमिकता दी जाती है।

**दूसरे दिन** : खरना किया जाता है। पूरे दिन व्रती उपवास करते हैं। शाम में मिट्टी के चूल्हे पर गुड व चावल की खीर, रोटी बनती है। इसमें चीनी का प्रयोग वर्जित है। विधान यह भी है कि इसमें किसी तरह के बर्तन का प्रयोग न हो।

**तीसरे दिन** : कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मिट्टी के चुल्हे पर प्रसाद बनाया जाता है। इसमें चावल के लड्डू, ठेकुआ के अलावा लौंग, पान-सुपारी, गड़ी-छोहड़ा, चने, मिठाइयां, कच्ची दही, कच्ची हल्दी, अदरख, केला, नींबू, सिंदूर, सुथनी, मूली, नारियल आदि को प्रसाद में शामिल किया जाता है। सबको बांस की डलिया में रख व्रती व उनका पूरा परिवार अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ देने उस स्थान पर जाता है। जहां जल का प्रवाह हो अथवा वेदी बनी हो। सोहर गाते लोग वहां जाते हैं, पानी में घंटों खड़े होकर भगवान की आराधना करते हैं। कच्चे दूध से उनको अर्घ्य दिया जाता है। यही प्रक्रिया अगली सुबह चौथे दिन भी दुहरायी जाती है।

### जात-पात के बंधन को तोड़ता है छठ महापर्व

छठ महापर्व में इस्तेमाल किया जाने वाला सूप भी बसफोर जाति लोग बनाते हैं। आम तौर पर जात-पात व छुआ-छूत का भेद करने वाले लोग इनसे दूरी बना कर रखते हैं। लेकिन, जब छठ या घर में शादी हो या जैसा महापर्व। तो इनके द्वारा ही बनाए गए सूप में पूजा की विधि संपन्न होती है। यह है भारत वर्ष की गौरवशाली परंपरा।

## पर्याप्त भंडारण के बाद फल व्यवसायियों को अच्छे मुनाफे की जगी उम्मीद

# छठ महापर्व को ले आयातित फलों से पटा गोदाम, कई राज्यों से मंगवाएं गए है फल



गोदाम में भंडारित किया गया फल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बाजार में भी अब लोक आस्था के महापर्व छठ का असर दिखाई पड़ने लगा है। यूं कहे ही दीपावली बीतने के बाद से ही बाजार छठमय हो गया है। इस महापर्व में कई तरह के फलों की जरूरत होती है। जिनमें अधिकांश दूसरें राज्यों से मंगवाए जाते है। मसलन नारियल, केला, नासपाती, सेब जैसे फलों को आयातित करना पड़ता है। छठ में फलों की भारी डिमांड को पूरा करने के लिए इस बार फल व्यवसायी पहले से ही तैयारी कर लिए है। अनानास, नारियल, सेब, नाशपाती, केला अनार का ट्रक प्रतिदिन बाजार में उतर रहा है। महापर्व में फल के भारी खपत को देखते हुए व्यवसाई पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने की तैयारी में है। साफाखाना रोड में थोक फल विक्रेताओं के दर्जनों गोदाम है। जो अभी से ही बाहर से मंगवाए गए फलों से पट गए है। फल के थोक बाजार में इन दिनों दिन रात का फर्क मिट गया है। शहर में नो एंट्री को देखते हुए फल वाले ट्रक रात में शहर में प्रवेश करते हैं। सुबह नो एंट्री से पहले निकलने के चक्कर में रात में ही उनकी ट्रक खाली कर दी जाती है। इसके लिए पहले से ही मजदूर तैयार बैठे हैं।

बता दें कि खुदरा मंडी में सेव का मूल्य 60 रुपया से 80 रुपया प्रति किलो है। जबकि केला का मूल्य बाजार में 40 से 50 रुपया प्रति दर्जन है। अनार तथा नाशपाती एक सौ रुपया प्रति किलो है। नारियल अनानास भी पिछले वर्ष के मूल्य में बाजार में उपलब्ध है। छठ महापर्व को लेकर बाजार पूरी तरह से सजधज कर तैयार है। माना जा रहा

है कि कोरोना के साया से उबरने के बाद इस बार लाखों की संख्या में श्रद्धालु परिवार छठ करेंगे। जिस कारण फलों का बाजार भी गुलजार रहेगा।

### खुदरा विक्रेता करा रहे आर्डर बुक

ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर थोक मंडी के व्यवसाई फल का भंडारण कर रहे हैं। थोक फल व्यवसायियों की मानें तो खुदरा विक्रेता अभी से उनसे संपर्क कर अपना आर्डर बुक करा रहे है। पर्याप्त भंडारण होने से इस बार डिमांड पूरी होने के साथ ही फलों के भाव भी सामान्य रहने की उम्मीद है। साफाखाना रोड के थोक फल व्यवसायी अनवर ने बताया कि भारी मात्रा में थोक मंडी में फल का आवक हो रहा है। जिससे मूल्य भी सामान्य रहेगा तथा आम आदमी बिना किसी अतिरिक्त बोझ के आसानी से फलों की खरीद कर सकेंगे।

# जिलेभर के गंगा के किनारे बनाए जा रहे छठ घाटों का अधिकारियों ने लिया जायजा

- बक्सर में एडीएम प्रितेश्वर प्रसाद तथा सिमरी में डुमरांव एसडीओ ने किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/ बक्सर टीम**



सिमरी प्रखंड के गंगा किनारे के घाटों का निरीक्षण करते एसडीओ

लोक आस्था का महापर्व छठ जैसे जैसे नजदीक आते जा रहा है, वैसे वैसे जिला प्रशासन भी कवायदों में जुट गया है। इस महापर्व में सबसे अधिक चिंता घाटों पर उमड़ने वाली लाखों की भीड़ के सुरक्षा व्यवस्था तथा उन्हें सुविधाएं प्रदान करने की होती है। जिला प्रशासन करीब एक पखवाड़े से इस महापर्व की तैयारियों को शुरू किया है। लेकिन जैसे जैसे छठ नजदीक आते जा रहा है, वैसे वैसे जिला प्रशासन की गतिविधियां भी बढ़ते जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रशासन द्वारा बक्सर तथा दियारा क्षेत्र में गंगा के किनारे बने घाटों का जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार बक्सर में एडीएम प्रितेश्वर प्रसाद ने जबकि सिमरी प्रखंड में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने निरीक्षण किया। एडीएम प्रितेश्वर प्रसाद के द्वारा बक्सर के नाथ बाबा छठ घाट से लेकर सेंट्रल जेल घाट तक एवं नाथ बाबा छठ घाट से लेकर अहिरौली घाट तक विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बैरिकेटिंग का कार्य प्रगति पर है। साथ ही सैंड बैग छठ घाटों पर उपलब्ध कराया जा रहा था।

अपर समाहर्ता महोदय के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को छठ घाटों की साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग करने एवं बैरिकेटिंग पर पानी के खतरे को देखते हुए लाल कलर के कपड़े लगाने का निर्देश दिया गया। वॉच टावर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अपर समाहर्ता महोदय ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को लाइटिंग की व्यवस्था एवं छठ घाटों के किनारे सैंड बैग को रखते हुए छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम बनाने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बक्सर, आपदा प्रभारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर, बाढ़ प्रमंडल के सहायक अभियंता उपस्थित थे। जबकि डुमराव एसडीओ द्वारा सिमरी प्रखंड अंतर्गत गंगा नदी किनारे घाटों का निरीक्षण किया गया और संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।

## परंपरागत तरीके से मनाया गया गोबर्द्धन पूजा, ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा उत्साह



गोबर्द्धन कूटती महिलाएं

- अन्नकूट के बाद महिलाओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरुवार को गोवर्धन पूजा सह अन्नकूट का त्योहार परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक तरफ महिलाओं ने गोबर का गोबर्द्धन बना विधि विधान से उसकी पूजा तथा कुटाई की। इसे अन्न कूट के नाम से भी जाना जाता है। गोबर्द्धन कूटने के बाद ही महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, दूसरी तरफ गोपालकों द्वारा गाय तथा भगवान कृष्ण की पूजा भी की गई। मान्यता है कि गोबर्द्धन का त्योहार महाभारत काल से ही चला आ रहा है। भगवान कृष्ण ने ही पहले गोबर्द्धन पर्वत की पूजा अपने नगर वासियों से करवाई थी। इस मौके पर जिले भर के सभी गोवर्धन मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिर के आसपास साफ सफाई की गई। हर कोई इस पूजा को पारंपरिक रूप देने का प्रयास में लगा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार तथा परंपरागत गीतों के साथ यह पूजा जिले के कई गांवों में संपन्न हुआ। इस मौके पर कहीं कुश्ती, तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई जगहों पर तो मेला भी लगा था। जहां, गोबर्द्धन पूजा में शामिल होने के साथ ही बच्चें जमकर मेला का लुफ्त उठा रहे थे। इस मौके पर पशुपालकों ने अपनी गाय की भी पूजा की। गाय को नहला धुला कर ढंग से सजाया संवारा गया था। यह पूजा पशुपालक अपने खुशहाली तथा सुख समृद्धि के लिए करते हैं। मान्यता है कि गोबर्द्धन के दिन गाय की पूजा करने से धन धान्य की वृद्धि होती है।

## एक नजर

### कूड़ा डंपिंग जोन में तब्दील हुआ भोजपुर राजवाहा, मिट रहा अस्तित्व, दूषित हो रहा पर्यावरण



**डुमरांव।** शहर को साफ सुथरा रखने के लिए नगर परिषद प्रशासन द्वारा डोर टू डोर कूड़ा का उठाव वर्षो से कराया जा रहा है। इस काम में प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च किए जा रहे है, लेकिन उठाव के बाद कूड़ा कचरा का समुचित निस्तारण नहीं होने से यह अपने उदेश्यों से भटक गया है। वहीं, नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने लोगों के घरों से उठाए गए कचरों को भोजपुर राजवाहा मार्ग के किनारे यूं ही फेंके जाने से इस नहर के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। बता दें कि सरकार की परिकल्पना थी कि शहर से निकलने वाले कूड़ा कचरा से खाद बनेगा और यह खाद खेती के विकास में काम आएगा। लेकिन नगर परिषद के लिए यह सिर्फ कोरी कल्पना साबित हुई है। उल्टे भोजपुर राजवाहा में हर दिन सैकड़ो टन कचरा फेंके जाने से इसका अस्तित्व चौपट हो रहा है। वही नहर के टेल इंड के किसानों के लिए अपने खेतों की सिंचाई की समस्या भी गहराते जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नप प्रशासन से इस जगह पर कूड़ा डंप नहीं करने की कई बार गुहार लगाई गई है। लेकिन नप प्रशासन उदासीन बना हुआ है। जिससे वातावरण में जहर भी घुल रहा है।

### पनियारी में कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के पनियारी गांव में गुरुवार को गोवर्द्धन पूजा के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह केसठ मुखिया अरविंद सिंह यादव उर्फ गामा यादव, जिला परिषद राजू यादव और बीडीसी सतेंद्र राम ने किया। साथ ही उद्घाटनकताओं ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथियों का स्वागत बीडीसी सतेंद्र राम द्वारा अंग वस्त्र एवं फूल माला से किया गया। रेफरी का दायित्व जगनारायण सिंह एवं अनंत सिंह ने किया। प्रतियोगिता में रोजिद अंसारी, मुकेश कुमार, राज कुमार,बीरेंद्र कुमार,बिकास कुमार,धनजी कुमार,विशाल कुमार,बसंत कुमार और सुरेश कुमार पहलवानों ने अपना अपना पैंतरा दिखाया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया गया। मौके पर मणिया के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि रामदेव सिंह, लाल बाबू यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरुण यादव ,भिखारी यादव, सभा सिंह, अर्जुन सिंह, रामचंद्र सिंह, राज मुन्नी सिंह और गोरख सिंह समेत अन्य लोग थे।



### आरएसएस प्रमुख के आगमन को ले गंगा समग्र ने की तैयारी बैठक

**बक्सर।** सनातन संस्कृति समागम में शामिल होने बक्सर आ रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा मोहन भागवत के आगमन की तैयारियों को ले गंगा समग्र के जिला इकाई की एक बैठक गुरूवार को बक्सर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता गंगा समग्र के जिला संयोजक हरिशंकर गुप्ता व संचालन जिला सह संयोजक अजय वर्मा ने की। इस अवसर पर गंगा समग्र दक्षिण बिहार के प्रांत संयोजक शंभूनाथ पांडेय ने बताया कि आगामी 4 नवंबर को विश्व नदी दिवस है, गंगा समग्र द्वारा पूरे देश में इस दिन गंगा महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसको लेकर दक्षिण बिहार के प्रत्येक जिलों में गंगा समग्र द्वारा गंगा आरती, गंगा स्वच्छता, गंगा सेमिनार, पौधरोपण सहित तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि 8 अक्टूबर को सर संघचालक के आगमन पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। बैठक में इसकी रणनीति बनाई गई तथा उनके आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सदस्यों को अलग अलग जिम्मेवारियां भी दी गई। जिला संयोजक हरिशंकर गुप्ता व जिला सह संयोजक अजय वर्मा ने संयुक्त रुप से बताया कि गंगा समग्र पिछले कई वर्षों से कुल 15 आयामों पर कार्य करती आ रही है। जिसमें गंगा आरती, जल निकास, चिकित्सा, जैविक कृषि, गंगाश्रित आयाम, शिक्षण, विधि, संचार, संपर्क, वृक्षारोपण, गंगा सहायक नदी, तालाब, घाट इत्यादि है। बैठक में विधि आयाम के सह संयोजक आनन्द कुमार, अमरनाथ जायसवाल, राजेश मिश्र, अजय मिश्र, तुषार राज गुप्ता, अनिकेत राज के अलावे कई अन्य भी उपस्थित थे।



### सोनवर्षा छठ पूजा समिति सदस्यों की बैठक संपन्न

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा महावीर मंदिर प्रांगण में छठ पूजा समिति सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें कई विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान सभी पूजा समिति के सदस्यों ने छठिया घाट हाईवे पर वन वे वाहन का परिचालन कराने की बात कही। इसके लिए समिति के सदस्यों ने स्थानीय पुलिस से मदद मांगने पर सहमति बनाई। सदस्यों ने कहा कि छठिया घाट के पास से फोरलेन का निर्माण हुआ है। फोरलेन में डिवाइडर है, ऐसे में अगर वन वे वाहन गुजरती है तो छठव्रतियों के साथ श्रद्धालु एवं बच्चों को वाहन से खतरा महसूस नहीं होगा। इसके अलावा सदस्यों ने छठव्रतियों की गुजरने वाली मार्ग की साफ-सफाई, बाजार से लेकर घाट तक रौशनी की व्यवस्था समेत अन्य विषयों पर चर्चा किया। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष चौधरी सुदामा सिंह ने किया। मौके पर पिंकू पाठक, रमेश शाह, मृत्युंजय ओझा, अभिनंदन प्रसाद समेत अन्य समिति के सदस्य मौजूद थे।









## छोटी खबरें

### गैस वितरक को मारपीट कर छीना 31724 रुपये

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के आमडारी गांव के पास बुधवार की रात गैस बांटकर घर लौट रहे वितरक से बदमाशों ने मारपीट कर 31724 रुपये छीन लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि फेफना थाना क्षेत्र के पांडेयपुर मिश्र निवासी ज्ञान प्रकाश मिश्र सागरपाली हर्ष भारत गैस एजेंसी पर वितरक का काम करते हैं। बीती रात गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने के बाद जब घर लौट रहे थे, तभी आमडारी गांव के पास नशे में धुत दो बदमाश उससे मारपीट करने लगे और रुपयों का बैग छीन लिया। बैग 28 सिलेंडर का 31724 रुपये थे। डरे सहमे ज्ञान प्रकाश अपने डिलेवरी वैन में जाकर बैठ गया और शीशा लॉक कर दिया। इसके बाद घरवालों को सूचना दी, तब तक बदमाश मौके से फरार हो गया। तत्काल सूचना मुकामी पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### स्कार्पियो की जद में आने से चाची व भतीजा की मौत

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली के नसीरपुर चौराहा के पास स्कार्पियों की जद में आने से बुधवार की रात बाइक सवार चाची- भतीजा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग रोते -बिलखते कोतवाली पहुंच गए। परिजनों के रोने से गांव में मातम पसर गया। नंदगंज के सिहोरी गांव निवासी सुदामा (28) अपनी चाची अर्चना (34) को उपचार के लिए बाइक से हंसराजपुर लेकर आए थे। दवा लेकर देर शाम करीब 7:30 बजे दोनों जैसे ही नसीरपुर चौराहा के पास वाराणसी से तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियों ने बाइक में धक्का मारो दिया। हादसे में बाइक सवार चाची और भतीजा की मौके पर ही मौत हो गई। इधर स्कार्पियों डिवाइडर से जा टकराई। हादसे की जानकारी होते ही ग्रामीण घटना स्थल के तरफ दौड़ पड़े। तब -तक चालक एवं सवार लोग स्कार्पियों छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लाखों की चोरी, लेकिन नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाने के त्रिलोकपुर गांव में चोरों के एक गैंग ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। अभी तक इस मामले में केस दर्ज नहीं किया गया है।

# प्रदेश में राजभरों के लिए ओमप्रकाश राजभर बने भस्मासुर : महेन्द्र राजभर

- पटसार में आयोजित हुआ सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी का कार्यक्रम
- पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा - सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी में हर कार्यकर्ता को मिलेगा सम्मान

**केटी न्यूज/बलिया**



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष

राजभर समाज के ताकत के बल पर पार्टी खड़ा कर ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज को सिर्फ छलने का ही काम किया है। इसका जीता जागता उदाहरण 2022 का विधानसभा चुनाव है, जिसमें 17 सीटें मिलने के बावजूद भी ओमप्रकाश राजभर ने स्वयं एवं अपने पुत्र के अलावा किसी भी राजभर के बेटे को टिकट देकर चुनाव नहीं लड़ाया। इससे यह सिद्ध हो गया है कि ओमप्रकाश राजभर अपने ही समाज के लिए भस्मासुर बन गए हैं। आगामी चुनाव तक यही राजभर समाज ओम प्रकाश रूपी भस्मासुर का राजनीतिक वध करेगा। उक्त बातें नवगठित सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने पटसार में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी केवल बाप बेटा की पार्टी बनकर रह गई है, जिसका अगले चुनाव तक खात्मा तय है। ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज को लॉलीपॉप दिखाकर वोट तो ले लिया, लेकिन सत्ता में जाने के बाद समाज के लिए कुछ भी नहीं किया। यही नहीं अपने पुत्र के लिए एमएलसी अथवा राज्य सभा की सीट नहीं मिलने पर भाजपा के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर गठबंधन तोड़ दिया।

**राजभर समाज को किया एक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल :** महेंद्र राजभर ने कहा कि कुछ ऐसा ही हाल सपा के साथ गठबंधन में हुआ और सपा से 17 सीट मिलने और छह विधायक जीतने के बाद भी अपने पुत्र को एमएलसी नहीं बनाए जाने के कारण ओमप्रकाश राजभर ने सपा के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करते हुए सपा से भी गठबंधन तोड़ लिया। ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज को एक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया है। उन्होंने जब जैसे चाहा केवल समाज का सौदा ही किया है। महेंद्र राजभर ने कहा कि अब राजभर समाज जाग चुका है और ओमप्रकाश राजभर के झांसे में नहीं आने वाला है । समाज के सभी प्रबुद्ध एवं अनुभवी लोगों ने सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी का दामन थाम लिया है और सभी लोग मिलकर इसे मजबूत करने में लगे हुए हैं। एसएसपी सुप्रीमो ने कहा कि सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी में हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान मिलेगा तथा चुनाव में भी कार्यकर्ता को ही टिकट दिया जाएगा। समाज के दबे कुचले वंचित शोषित लोगों के हक एवं हुकूक की लड़ाई आप सभी के सहयोग से सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के नेतृत्व में लड़ी जाएगी और उसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

**महाराजा सुहेलदेव जी के आदर्शो को बढ़ाना का किया जाएगा कार्य :** महेंद्र राजभर ने उपस्थित सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि महाराजा सुहेलदेव जी के आदर्शों एवं सिद्धांतों को कायम रखते हुए उनके सम्मान को बढ़ाने का कार्य सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बड़े लाल चौहान, राष्ट्रीय सचिव मनोज राजभर, प्रदेश अध्यक्ष बृजेश राजभर, प्रदेश प्रमुख महासचिव लालजी राजभर, प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच अरविंद राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष मोती मंडल, प्रदेश महासचिव हरिहर राजभर, राष्ट्रीय सचिव मनोज चौधरी ने संबोधित किया। इस अवसर पर रामनिवास राजभर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच, लल्लन राजभर प्रदेश महासचिव युवा मंच, शेषनाथ राजभर सहित सैकड़ों की संख्या में नेता और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विश्राम राजभर ने किया।

### इस साल दिवंगत हुए मशहूर कामेडियन राजू श्रीवास्तव जी को समर्पित रही शोभायात्रा

# भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव : शोभायात्रा में शामिल झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

- लगातार 20 वर्षों से निकाली जा रही है यह शोभायात्रा, सड़कों पर उमड़ा अपार जनसमूह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



शोभायात्रा में शामिल झांकी



शोभायात्रा में शामिल लोग



शोभायात्रा में शामिल समिति के सदस्य

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में उर्दू बाजार स्थित अजय कुमार श्रीवास्तव के आवास से गुरुवार को भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त जी की? शोभायात्रा महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधिवत पूजन-अर्चना के पश्चात निकाली गई। जिसमें गाजे-बाजे, हाथी, घोड़े, ध्वज पताकाओं से सुसज्जित शोभा यात्रा में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के अलावा भारत माता एवं समाज के महापुरुष डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ. सुभाष चन्द्र बोस, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, शहीद खुदीराम बोस, गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ. सम्पूर्णानंद, स्वामी विवेकानंद, मेगा स्टार अमिताभ बच्चन, फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा, महान प्ले बैक सिंगर मुकेश कुमार, महाकवि गोपाल दास नीरज, हरिवंश राय बच्चन आदि की झांकी शामिल रही।

शोभायात्रा में समाज के नौजवान जय चित्रांश का झंडा लेकर बड़े उत्साह के साथ भगवान श्री चित्रगुप्त जी का जयकारा लगाते और आतिशबाजी भी करते चल रहे थे। शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों पर अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। महिलाएं, बच्चे और पुरुष, सभी भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। लगातार 20 वर्षों से निकल रही यह शोभायात्रा आज शहर में आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। शोभायात्रा में इस वर्ष हाल ही में दिवंगत हुए मशहूर कामेडियन राजू श्रीवास्तव जी को समर्पित थी। यात्रा में सबसे आगे कामेडियन स्व. राजू श्रीवास्तव की तस्वीर थी, जिस पर लोग पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। उर्दू बाजार से आरंभ होकर शोभायात्रा चीतनाथ, टाउनहाल, लाल दरवाजा, मिश्रबाजार, महुआबाग होते हुए चित्रगुप्त मंदिर ददरीघाट पर जाकर समाप्त हुई।


शोभायात्रा आरंभ होने के पूर्व इसमें शामिल बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक जै किशन साहू एवं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामधारी यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं कलम लेकर सम्मानित किया गया।

शोभायात्रा में महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अरुण सहाय, पियूष श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, परमानन्द श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# डीआईओएस दफ्तर में फैले भ्रष्टाचार को दूर करें उच्चाधिकारी : दिनेश चंद्र राय

- भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर नहीं हुई कार्रवाई तो आंदोलन के लिए विवश होंगे शिक्षक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक करते शिक्षक

कैम्प कार्यालय पर गुरुवार को उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक के दफ्तर में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। शिक्षकों के उत्पीड़न पर आक्रोश जताया गया।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षक चुप नहीं बैठेंगे और आंदोलन के लिए विवश होंगे। शिक्षक नेता चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि कई अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। सीएम इन्हें नियंत्रित करने में असफल दिख रहे हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से भी अपील किया है कि वह शिक्षकों की समस्याओं को सुनें। चौधरी दिनेश चंद्र राय ने जिले के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में घोर भ्रष्टाचार है। उन्होंने पदाधिकारियों को जिविनि कार्यालय पर पैनी नजर रखने की नसीहत दी। इस दौरान बताया गया कि उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ विभिन्न मांगों को लेकर 17 नवंबर को प्रयागराज स्थित बोर्ड कार्यालय पर प्रदर्शन करेगा। बैठक में नारायण उपाध्याय, डॉ रियाज अहमद, रत्नेश राय, सत्येन्द्र कुमार सिंह, रविन्द्र नाथ तिवारी, नरेन्द्र सिंह, जयशंकर राय, अनिल दूबे, उमेश कुमार राय, मनोज सिंह, प्रदीप कुमार वैश्य, सत्येन्द्र सिंह, राकेश राय, सूर्यप्रकाश राय, विष्णुशंकर पाण्डेय, कुंवर अविनाश गौतम, अभिषेक राय, दीपक कुमार प्रजापति, पंकज कुमार राय, पुष्कल तिवारी आदि शामिल रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह और संचालन-संगठन मन्त्री अमित कुमार राय किया।

# 135 पेटी अंग्रजी शराब के साथ पिकअप जब्त, तीन तस्कर फरार

- 1166.4 लीटर अंग्रेजी शराब को अवैध रूप से की जा रही थी तस्करी

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के सुखपुरा थाना की पुलिस ने शराब की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी पाई है। जिसमें पुलिस ने अवैध रूप से ले जाई जा रही 135 में रखी हुई 180 एमएल के 6480 पीस अंग्रेजी शराब की टेट्रा पैक समेत एक पिकअप को जब्त किया है। लेकिन, मामले में पीकअप का चालक फरार होने में कामयाब हो गया। मामले में बताया जा रहा है कि एसपी राजकरन नय्यर के निर्देश पर जिले में अपराध और अपराध कर्मियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस तत्परता से जुटी हुई है। इस क्रम में शराब की अवैध तस्करी के शामिल लोगों पर भी शिकंजा कसने का काम चला रहा है। जिसके मद्देनजर सुखपुरा थाने की पुलिस ने भी उक्त कार्रवाई की।

क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह व उपनिरीक्षक बांक बहादुर सिंह देर रात गस्त लगा रहे थे। इस बीच उन्हें गुप्त सूचना मिलर कि तपनी गांव की ओर से एक पिकअप से भारी मात्रा में शराब की अवैध खेप कुछ लोग जा रहे है। पिकअप पर तीन लोगों के बैठने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी और सूचना के आधार पर हरिहरपुर मंदिर के पास पिकअप वाहन को रोक लिया गया। लेकिन, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पिकअप सवार तीनों लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद पिकअप को थाने लाया गया और उसकी तलाशी ली गई।

# जिले की 1071 सड़कों के बहुरेंगे दिन, विभाग को भेजा गया प्रस्ताव

- 200 सड़कों की विशेष मरम्मत व 871 सड़कों के पैचिंग कार्य के लिए किया गया चिह्नांकन
- सीएम के 15 नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के फरमान के बाद हरकत में शासन

**केटी न्यूज/बलिया**



जर्जर सड़क

जिले में 1200 किमी लंबाई की कुल 1071 सड़कें खराब हैं। शासन के निर्देश पर इन सड़कों का चिह्नांकन कर शासन को लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव भेजा है। इसमें 200 सड़कों की विशेष मरम्मत व 871 सड़कों के पैचिंग कार्य का प्रस्ताव है। विभागीय अधिकारी की मानें तो जल्द ही शासन से धनराशि मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सभी सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढा मुक्त बनाने का निर्देश जारी किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सड़कों को चिह्नित करने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को नोडल विभाग बनाया गया है। हालांकि शासन ने जनपद में स्थित राजमार्ग, अन्य जिला मार्ग व प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त करने के लिए तीन करोड़ व ग्रामीण इलाकों की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए दो करोड़ की धनराशि जारी है।

अब विभाग की ओर से कुल 1071 सड़कों को चिह्नित किया गया है। इन सड़कों की कुल लंबाई 1200 किमी है। इसमें शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़कें शामिल हैं। बताया जाता है इन सड़कों पर वाहनों के संचालन में जहां परेशानी आती है वहीं पैदल चलने वाले भी जान जोखिम में डालकर चलते हैं। अधिशासी अभियंता, लोनिवि, प्रांतीय खंड, अरुण कुमार ने बताया कि बतौर उदाहरण बेल्थरारोड क्षेत्र के सीयर-सोनाडीह मार्ग पर गड्ढों की भरमार है। जबकि यह मार्ग मऊ जनपद को जोड़ता है। इसके साथ ही मालीपुर-कसौंडर मार्ग, अखोप-कुंडेल मार्ग, गौवापार-सिकरहटा मार्ग, कुंडेल-बहोरवा मार्ग समेत कई सड़कें जर्जर हो गई हैं। इन मार्गों पर स्वतंत्र व सुगम यातायात मुश्किल हो गया है। इसी तरह विशुनपुरा - बिहरा हरपुर - चंदाडीह मार्ग पूर्ण रूप से जर्जर है। बैरिया क्षेत्र के सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से अमर शहीद कौशल कुमार के गांव नारायणगढ़ सहित दर्जनभर गांवों को जोड़ने वाला इकलौता मार्ग पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील है। विभागीय अधिकारी की मानें तो शासन की ओर से धन मिलने की उम्मीद है।

## एक नजर

### नगर निकाय में कार्यकताओं के दम पर बड़ी जीत दर्ज होगी : शमीम खान



कायर्क्रम में शामिल पार्टी के सदस्य

**भदोही।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान के द्वारा नगर निकाय चुनाव की समीक्षा आज नगर में हुई। पार्टी के कार्यकताओं और भावी प्रत्याशी सुहेल अहमद अंसारी के साथ बैठकर जीत के रणनीति तैयार की गई। मौके पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भदोही बदरे आलम साहब ने शमीम खान के हाथों एआईएमआईएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व नेता जहीर भाई ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जनता महसूस कर रही हैं कि हमारी बात केवल बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब ही करते हैं। दलित और पिछड़े समाज के लोग तेजी से पार्टी से जुड़ रहे हैं। विरोधी पार्टी के लोग तमाम नए हथकंडे अपना रहे हैं, लेकिन जनता हमारे साथ है। अगर कार्यकताओं ने सिस्टम से मेहनत कर दिया, तो उत्तर प्रदेश में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। इस अवसर पर यूथ के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद सलमान हाशमी, जिला संगठन प्रभारी बलिया मोहम्मद नसीम खान, जिला महासचिव हाजी कैश, जिला सचिव सरफराज नवाज, नगर सचिव बाबू अशरफ, वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद जुल्फिकार, मुहसीन कमाल, रजा मुहम्मद, मोहम्मद नसीम खान, महबूब आलम, अरमान खान, दानिश अंसारी, अयूब अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, करीम अंसारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### राज्यसभा सांसद ने बाढ़ से हुए नुकसान का लिया जायजा



**बलिया।** राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर ने गुरुवार को बाढ़ से प्रभावित इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से प्रभावित इलाकों लेतरहा, बहादुरा, असना सहित आदि गांवों में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित से हुए नुकसान का मुआयना किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द क्षति का आंकलन कर प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का निर्देश दिया। इस दौरान मनियर चेयरमैन भीम गुप्ता, पूर्व प्रधान असना योगेश सिंह ,प्रधान आचार्य देव शरण राजभर ,धर्मेंद्र राजभर ,विनोद सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### रक्त प्रतिस्थापन की व्यवस्था से प्रदेश को मुक्त करना साधना फाउंडेशन का उद्देश्य



**घोसी/मऊ।** साधना फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को ददनपुर अहिरौली स्थित डीएसएसए महाविद्यालय परिसर ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं की एक बैठक हुई। जिसमें साधना फाउंडेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ मौर्या ने रक्तदान के बारे में विस्तार से बताया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि एक बार का रक्तदान तीन लोगों की जिंदगी बचाने का काम करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वैच्छिक रक्त दाताओं से राष्ट्रीय रक्त नीति का अध्ययन करने और सरकारी अस्पतालों में ब्लड की हो रही कालाबाजारी को रोकने का भी आह्वान किया। संगठन का यह उद्देश्य है कि आने वाले समय में प्रदेश को रक्त प्रतिस्थापन की व्यवस्था से मुक्त किया जाए। ताकि प्रदेश में खून के अभाव में किसी भी मरीज की जान न जा सके। इसके लिए जरूरी है कि गांव -गांव जाकर रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया जाए। इसके पूर्व आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से साधना फाउंडेशन की ओर से वेदांत जी, कृष्ण कुमार तिवारी, अखिलानंद तिवारी, विनोद जी, इंद्रदेव जी सहित आजमगढ़, बलिया, मऊ और गाजीपुर जनपद के प्रभारी एवं फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय का गाजीपुर में जोरदार स्वागत

**गाजीपुर।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय का कुंडेसर चट्टी पर कांग्रेस के बरिष्ठ नेता राकेश राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस बीच उन्होंने कांग्रेस की आगामी राजनीतिक नीतियों पर चर्चा करने के साथ ही विपक्षी दलों पर राजनीतिक तंज भी किया। अजय राय ने मीडिया को बताया कि कांग्रेस पार्टी को लेकर विपक्षियों की ओर से कहा जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी में परिवारवाद है। कांग्रेस ने इस बात को साबित कर दिया कि पार्टी फोरम पर लोकतांत्रिक मूल्यों की कद्र की जाती है। राय ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी की तरह उनकी पार्टी में अध्यक्ष थोपा नहीं जाता है, बल्कि चुनाव के माध्यम से निर्वाचित होता है। कांग्रेस पार्टी के भारत जोड़ो यात्रा एक क्रांति के आगाज के तौर पर आने वाले दिनों में जानी जाएगी। इस मौके पर आनंन्द राय सांस्कृत्य, अनुज राय,संजय राय, अखिलेश राय, देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान प्रदीप सिंह पप्पू, बिजेंदर राय, बबलू चौधरी, स्वदेश राय सपन, रामायण राय, विनय राय,नन्दजी राय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।